रजिस्ट्री सं. डी.एल. (एन) 04/0007/2003—05 REGD. NO. D. L. (N) 04/0007/2003—05

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-सा.-12072023-247235
**CG-DL-W-12072023-247235**

**प्राधिकार से प्रकाशित**
**PUBLISHED BY AUTHORITY**
**साप्ताहिक**
**WEEKLY**

**सं. 25] नई दिल्ली, जुलाई 2—जुलाई 8, 2023, शनिवार/ आषाढ़ 11—आषाढ़ 17, 1945**
**No. 25] NEW DELHI, JULY 2—JULY 8, 2023, SATURDAY/ASHADHA 11—ASHADHA 17, 1945**

**इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह पृथक संकलन के रुप में रखा जा सके**
**Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation**

**भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)**
**PART II—Section 3—Sub-section (i)**

**भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय अधिकारियों (संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा विधि के अंतर्गत बनाए गए और जारी किए गए साधारण सांविधिक नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं)**

**General Statutory Rules (Including Orders, Bye-laws etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)**

---

**ग्रामीण विकास मंत्रालय**

**(ग्रामीण विकास विभाग)**

**(एन.एस.ए.पी. प्रभाग)**

नई दिल्ली, 26 जून, 2023

**सा.का.नि. 77.**—सक्षम प्राधिकारी द्वारा यथा अनुमोदित, संलग्न ग्रामीण क्षेत्र विशिष्ट सुसंगत सुगम्यता मानक/दिशानिर्देश भारत के राजपत्र में भाग-II, खंड-3, उप खंड (i) के अंतर्गत, आवश्यकता अनुसार प्रकाशित किए जाएं।

[फा.सं. जे-11060/01/2021-एन.एस.ए.पी]

कल्याणी मिश्रा, आर्थिक सलाहकार

**संक्षिप्त रूप**

| क्र.सं. | संक्षिप्त रूप | पूर्ण प्रपत्र |
|---|---|---|
| 1. | एटीआर | कार्रवाई रिपोर्ट |
| 2. | बीपीएल | गरीबी रेखा से नीचे |
| 3. | सीआईएफ | सामुदायिक निवेश निधि |
| 4. | सीआरपी | सामुदायिक संसाधन कार्मिक |
| 5. | डीआरपी | जिला संसाधन व्यक्ति |
| 6. | एफएम | वित्तीय दुर्विनियोजन |
| 7. | जीपी | ग्राम पंचायत |
| 8. | जीआरआईएमएमएस | जीआईएस सक्षम सड़क सूचना प्रबंधन और निगरानी प्रणाली |
| 9. | जीआरआरआईएस | भू-स्थानिक ग्रामीण सड़क सूचना प्रणाली |
| 10. | जीएस | ग्राम सभा |
| 11. | आईएपी | एकीकृत कार्य योजना |
| 12. | आईसीटी | सूचना और संचार प्रौद्योगिकी |
| 13. | आईईसी | सूचना, शिक्षा और संचार |
| 14. | आईजीएनडीपीएस | इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विकलांगता पेंशन योजना |
| 15. | आईजीएनओएपीएस | इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना |
| 16. | आईजीएनडब्ल्यूपीएस | इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना |
| 17. | एमजीएनआरईजीए | महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम |
| 18. | एमआईएस | प्रबंधन सूचना प्रणाली |
| 19. | एमओआरडी | ग्रामीण विकास मंत्रालय |
| 20. | एनएफबीएस | राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना |
| 21. | एनजीओ | गैर-सरकारी संगठन |
| 22. | एनएलएम | राष्ट्रीय स्तरीय निगरानी |
| 23. | एनआरएलएम | राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन |
| 24. | एनएसएपी-पीपीएस | राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम- पेंशन भुगतान प्रणाली |
| 25. | एनयूएलएम | राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन |
| 26. | पीएमएवाई-जी | प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण |
| 27. | पीएमयू | कार्यक्रम प्रबंधन इकाई |
| 28. | पीओ | डाकघर |
| 29. | पीआरआई | पंचायती राज संस्थाएं |
| 30. | आरएफ | परिक्रामी निधि |
| 31. | आरएसबीवाई | राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना |
| 32. | आरटीआई | सूचना का अधिकार |
| 33. | एसएयू | सामाजिक लेखा परीक्षा इकाई |
| 34. | एससी | अनुसूचित जाति |
| 35. | एसईसीसी | सामाजिक आर्थिक और जातिगत जनगणना |
| 36. | एसएचजी | स्व-सहायता समूह |
| 37. | एसटी | अनुसूचित जनजाति |
| 38. | यूसी | उपयोगिता प्रमाण पत्र |
| 39. | यूएलबी | शहरी स्थानीय निकाय |
| 40. | वीओ | ग्राम कार्यालय |
| 41. | वीआरएफ | गरीबी उपशमन निधि |
| 42. | वीआरपी | ग्राम संसाधन व्यक्ति |

## अध्याय 1

## भूमिका

1.1 दिव्यांग विश्वभर की आबादी का एक बड़ा हिस्सा है। कुछ क्षेत्रों में बुजुर्ग आबादी में वृद्धि तथा उसी के साथ बुजुर्गों में बीमार व्यक्तियों की संख्या बढ़ने के कारण दिव्यांग व्यक्तियों की संख्या भी बढ़ रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का अनुमान है कि वर्ष 2011 में विश्वभर में दिव्यांग व्यक्तियों की संख्या लगभग 1 बिलियन थी, जिसका अर्थ यह है कि विश्वभर की लगभग 15 प्रतिशत आबादी किसी न किसी प्रकार की दिव्यांगता से ग्रस्त है। आने वाले दशकों में दिव्यांग व्यक्तियों की आबादी बढ़ने का ही अनुमान है।

1.2 दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों के संबंध में संयुक्त राष्ट्र अभिसमय का भारत द्वारा अनुसमर्थन किए जाने के परिणामस्वरूप यह आवश्यक हो गया है कि देश के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में दिव्यांग व्यक्तियों को भौतिक वातावरण, परिवहन और सूचना एवं संचार सुविधाएं अन्य लोगों के समान ही उपलब्ध हों। इस दिशा में पहला कदम उठाते हुए भारत के माननीय प्रधान मंत्री ने निर्मित भौतिक अवसंरचना, परिवहन व्यवस्था तथा सूचना एवं संचार प्रौद्योगिक (आईसीटी) व्यवस्था के तीनों घटकों में बाधाओं से मुक्त वातावरण तैयार करने के लिए एक्सेसिबल इंडिया कंपेन या सुगम्य भारत अभियान दिनांक 03 दिसम्बर, 2015 को शुरू किया।

1.3 सुगम्य भारत अभियान (एआईसी) का उद्देश्य सुगम्य सुविधाओं एवं सेवाओं के मानकीकृत, सहज और अंतरराष्ट्रीय विकास के लिए समाज में मार्गदर्शन पर आधारित बदलाव के माध्यम से सुगम्य अवसंरचना की भौतिक परिसंपत्तियों का निर्माण करना है। इस अभियान के उद्देश्य की पूर्ति के लिए निर्धारित किए गए मूल सिद्धांत इस प्रकार हैं :-

(i) सार्वभौमिक डिजाइन (सहायक उपकरणों और उन्नत प्रौद्योगिकियों के प्रयोग के लिए अनुकूलन या विशेषीकृत डिजाइन तैयार करने की आवश्यकता के बिना यथासंभव सभी के द्वारा प्रयोग किए जा सकने वाले उत्पादों, परिवेशों, कार्यक्रमों और सेवाओं का डिजाइन)

(ii) युक्तियुक्त सुविधा (अन्य लोगों के समान ही दिव्यांग व्यक्तियों को अधिकारों की प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए किसी भी विशिष्ट मामले में गैर-आनुपातिक या अनुचित बोझ डाले बिना आवश्यक एवं उपयुक्त आशोधन एवं समायोजन)

1.4 सुगम्य भारत अभियान 'दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 (आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम)' में उल्लिखित 'सुगम्यता' के उपबंधों को साकार करने के साधन की भी भूमिका निभाता है। आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम, 2016 में धारा 40 से धारा 46 में सुगम्यता को इस प्रकार अधिदेशित किया गया है :

**1.4.1 धारा 40:** केन्द्रीय सरकार, मुख्य आयुक्त के परामर्श से समुचित प्रौद्योगिकियों और प्रणालियों तथा शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जनता को प्रदान की गई सुविधाओं और सेवाओं सहित भौतिक वातावरण, परिवहन, जानकारी और संसूचना के लिए पहुंच के मानकों को अधिकथित करते हुए दिव्यांगजनों के लिए विनियम विरचित करेगा।

**1.4.2 धारा 41:** (1) समुचित सरकार, निम्नलिखित का उपबंध करने के लिए उपयुक्त उपाय करेगी,----

(क) बस अड्डे और रेलवे स्टेशनों तथा हवाई अड्डों पर दिव्यांगजनों के लिए ऐसी सुविधाएं प्रदान करना जो पार्किंग स्थलों, प्रसाधनों टिकट खिड़कियों और टिकट मशीनों से संबंधित पहुंच मानकों के अनुरूप हों।

(ख) परिवहन के सभी ढंगों तक पहुंच प्रदान करना जो परिवहन के पश्च फिटिंग पुराने ढंगों सहित डिजाइन मानकों के अनुरूप हों, जहां कभी वे दिव्यांगजनों के लिए प्रौद्योगिक रूप से संभाव्य और सुरक्षित हों आर्थिक रूप में व्यवहार्य हों और डिजाइन में मुख्य संरचना के परिवर्तन में भार डाले बिना हो।

(ग) दिव्यांगजनों के लिए आवश्यक गतिशीलता के समाधान के लिए पहुंच योग्य सड़कें।

(2) समुचित सरकार, निम्नलिखित के लिए उपबंध करने के लिए वहन करने योग्य लागत पर दिव्यांगजनों की वैयक्तिक गतिशीलता के संवर्धन के लिए स्कीमों कार्यक्रमों को विकसित करेगी-

(क) प्रोत्साहन और रियायतें;

(ख) वाहनों की पश्च फिटिंग; और

(ग) वैयक्तिक गतिशीलता सहायता।

**1.4.3 धारा 42 :** समुचित सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए उपाय करेगी कि-

(क) श्रव्य, प्रिंट और इलैक्ट्रानिक मीडिया में उपलब्ध सभी अंतर्वस्तुएं पहुंच योग्य फार्मेट में हैं;

(ख) श्रव्य वर्णन, संकेत भाषा निर्वचन और क्लोज्ड केपशनिंग, उपलब्ध कराके दिव्यांगजन की इलैक्ट्रानिक मीडिया तक पहुंच है;

(ग) इलैक्ट्रानिक माल और उपस्कर जो प्रतिदिन उपयोग के लिए सर्वव्यापी डिजाइन में उपलब्ध कराए जाने के लिए आशयित हैं।

**1.4.4 धारा 43:** समुचित सरकार दिव्यांगजनों के साधारण उपयोग के लिए सर्वव्यापी रूप से डिजाइन किए गए उपभोक्ता उत्पादों और उपसाधनों के विकास, उत्पादन और वितरण के संवर्धन के लिए उपाय करेगी।

**1.4.5 धारा 44:** किसी स्थापन को किसी संरचना के निर्माण की मंजूरी नहीं दी जाएगी यदि भवन योजना में धारा 40 के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा बनाए गए विनियमों का पालन नहीं किया जाता है।

1. किसी स्थापन को तब तक पूर्णता प्रमाणपत्र जारी नहीं किया जाएगा या भवन का अधिभोग करने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा जब तक वह केन्द्रीय सरकार द्वारा बनाए गए विनियमों का पालन नहीं करता है।

**1.4.6 धारा 45:** (1) ऐसे विनियमों की अधिसूचना की तारीख से पांच वर्ष से अनधिक अवधि के भीतर केन्द्रीय सरकार द्वारा बनाए गए विनियमों के अनुसार सभी विद्यमान सार्वजनिक भवन सुगम्य बनाए जाएंगे।

परंतु केन्द्रीय सरकार राज्यों को इस उपबंध के पालन के लिए मामला दर मामला आधार पर उनकी तैयारी की अवस्था और अन्य संबंधित पैमानों पर निर्भर रहते हुए समय का विस्तार मंजूर कर सकेगी।

(2) समुचित सरकार और स्थानीय प्राधिकारी उनके सभी भवनों और स्थानों में आवश्यक सेवाएं प्रदान करने वाले जैसे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिविल/जिला अस्पताल, विद्यालय, रेलवे स्टेशन और बस अड्डा जैसी सभी तक पहुंच प्रदान करने के लिए पूर्विकता पर आधारित कार्ययोजना बनाएंगे और प्रकाशित करेंगे।

**1.4.7 धारा 46**: सेवा प्रदाता चाहे सरकारी हो या प्राइवेट, केन्द्रीय सरकार द्वारा **धारा 40 के अधीन** पहुंच पर बनाए गए नियमों के अनुसार **ऐसे नियमों की अधिसूचना की तारीख से दो वर्ष की कालावधि के भीतर** सेवाएं प्रदान करेगा। परंतु केन्द्रीय सरकार मुख्य आयुक्त के परामर्श से उक्त नियमों के अनुसार कतिपय प्रवर्ग की सेवाएं प्रदान करने के लिए समय का विस्तार मंजूर कर सकेगी।

## अध्याय – 2

## परिभाषाएं

**2.1 "रोध"** से ऐसा कोई कारक अभिप्रेत है जिसमें संसूचनात्मक, सांस्कृतिक, आर्थिक, पर्यावरणात्मक, संस्थागत, राजनैतिक, सामाजिक, भाव संबंधी या अवसंरचनात्मक कारक सम्मिलित है जो समाज में दिव्यांगजनों की पूर्ण और प्रभावी भागीदारी को रोकते हैं।

**2.2 "सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) "** के अंतर्गत सूचना और प्रौद्योगिकी से संबंधित सभी सेवा और नव परिवर्तन भी है जिसके अंतर्गत टेलीकाम सेवाएं, वेब आधारित सेवाएं, इलैक्ट्रानिक और मुद्रण सेवाएं, डिजिटल और परोक्ष सेवाएं भी हैं।

**2.3 "संदर्भित दिव्यांगजन"** से प्रमाणकर्ता प्राधिकारी द्वारा यथाप्रमाणीकृत विनिर्दिष्ट दिव्यांगता के चालीस प्रतिशत से अन्यून का व्यक्ति अभिप्रेत है, जहां विनिर्दिष्ट दिव्यांगता अध्युपायी निबंधनों में परिभाषित नहीं की गई है और इसमें ऐसा दिव्यांगजन भी सम्मिलित है जहां विनिर्दिष्ट दिव्यांगता प्रमाणकर्ता प्राधिकारी द्वारा यथाप्रमाणीकृत अध्युपायी निबंधनों में परिभाषित की गई है।

**2.4 "दिव्यांगजन"** से ऐसी दीर्घकालिक शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक या संवेदी हानि वाला व्यक्ति अभिप्रेत है जिससे बाधाओं का सामना करने में अन्य व्यक्तियों के साथ समान रूप से समाज में पूर्ण और प्रभावी भागीदारी में रुकावट उत्पन्न होती है।

**2.5 "सार्वजनिक भवन"** से कोई सरकारी या निजी भवन जो अत्यधिक जनता द्वारा उपयोग किया जाता है या उनकी पहुंच में है, जिसके अंतर्गत शैक्षिक या व्यावसायिक प्रयोजनों के कार्य स्थल, वाणिज्यिक क्रियाकलापों, सार्वजनिक सुविधाओं, धार्मिक, सांस्कृतिक, अवकाश या मनोरंजन क्रियाकलापों, चिकित्सीय या स्वास्थ्य सेवाओं, विधि प्रवर्तन अभिकरणों, सुधारात्मक या न्यायिक फोरम, रेलवे स्टेशनों या प्लेटफार्मों, सड़क परिवहन बस स्टैंडों या टर्मिनल, विमानपत्तनों या जलमार्गों के लिए उपयोग किए जाने वाले भवन भी हैं।

**2.6 "सार्वजनिक सुविधाओं और सेवाओं"** के अंतर्गत वृहत् स्तर पर जनता को सेवाएं प्रदान करने के सभी रूप आते हैं जिसके अंतर्गत आवास, शिक्षा या वृत्तिक प्रशिक्षण, नियोजन और वृत्तिक उन्नयन, विक्रय स्थल या विपणन केन्द्र, धार्मिक, सांस्कृतिक, अवकाश या मनोरंजन, चिकित्सा, स्वास्थ्य और पुनर्वास, बैंककारी, वित्त और बीमा, संचार, डाक और सूचना, न्याय तक पहुंच, सार्वजनिक उपयोगिताएं, परिवहन भी है।

**2.7** "दिव्यांगताओं की श्रेणियां" वही हैं जो दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016, भारत की राष्ट्रीय भवन संहिता, 2016 तथा अन्य संगत विनियमों में उल्लिखित हैं।

**2.8 "सर्वव्यापी डिजाइन"** से सभी लोगों द्वारा अनुकूलन या विशिष्ट डिजाइन की आवश्यकता के बिना अधिकतम संभव सीमा तक उपयोग किए जाने वाले उत्पादों, वातावरणों, कार्यक्रमों की डिजाइन और सेवाएं अभिप्रेत हैं और जो दिव्यांगजनों के विशिष्ट समूह के लिए उन्नत प्रौद्योगिकियों सहित सहायक युक्तियों पर लागू होंगी।

## अध्याय 3

## ग्रामीण विकास मंत्रालय

## ग्रामीण विकास विभाग

3.1 ग्रामीण क्षेत्रों में विकास एवं कल्याणकारी कार्यकलापों में संलग्न होने के कारण ग्रामीण विकास मंत्रालय देश की समग्र विकास कार्यनीति में अहम भूमिका निभाता है। आजीविकाओं के अवसरों को बढ़ावा देकर, सामाजिक सुरक्षा तंत्र उपलब्ध कराकर तथा उन्नति के लिए अवसंरचना का विकास करके गरीबी के उन्मूलन की बहुद्देश्यीय कार्यनीति के माध्यम से ग्रामीण भारत का स्थायी एवं समावेशी विकास ही इस मंत्रालय की परिकल्पना और उद्देश्य है। आशा है कि इससे ग्रामीण भारत के जीवनस्तर में सुधार आएगा और समाज के सर्वाधिक वंचित लोगों तक पहुंचने की इस प्रक्रिया में विकासात्मक असंतुलन दूर किया जा सकेगा। ग्रामीण विकास मंत्रालय के मुख्य उद्देश्य इस प्रकार है :-

i. गरीब परिवारों पर जोर देते हुए महिलाओं तथा अन्य कमजोर वर्गों सहित जरूरतमंदों को आजीविकाओं के अवसर और कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराना।

ii. प्रत्येक वित्तीय वर्ष में रोजगार की मांग करने वाले प्रत्येक परिवार को कम से कम 100 दिनों के मजदूरी रोजगार की गारंटी देकर ग्रामीण क्षेत्रों में परिवारों की आजीविका सुरक्षा बढ़ाने का प्रावधान करना।

iii. सड़क संपर्कताविहीन ग्रामीण बस्तियों के लिए बारहमासी सड़क संपर्कता और बाजार, स्कूलों तथा अस्पतालों तक पहुंच के लिए मौजूदा सड़कों के उन्नयन का प्रावधान करना।

iv. ग्रामीण क्षेत्रों में बीपीएल परिवारों को आधारभूत आवास और संबंधित सुविधाएं उपलब्ध कराना।

v. बुजुर्गों, विधवाओं और दिव्यांग व्यक्तियों को सामाजिक सहायता उपलब्ध कराना।

vi. ग्रामीण विकास कार्यकर्ताओं का क्षमता विकास और प्रशिक्षण कराना।

vii. ग्रामीण विकास में स्वयंसेवी अभिकरणों और व्यक्तियों की सहभागिता को बढ़ावा देना।

3.2 ग्रामीण विकास विभाग गरीबी उपशमन, रोजगार सृजन, जीवनस्तर में सुधार, अवसंरचना के विकास और सामाजिक सुरक्षा के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में बदलाव को बढ़ावा देता रहा है। बीते वर्षों में कार्यक्रमों के कार्यान्वयन से प्राप्त अनुभवों और गरीबों की आवश्यकताओं के आधार पर कई कार्यक्रमों में आशोधन किए गए हैं तथा कई नए कार्यक्रम भी शुरू किए गए।

3.3 स्थानीय लोगों की आवश्यकताओं और आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआई) को कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में शामिल किया गया है तथा ये संस्थाएं आयोजना के विकास एवं इसके कार्यान्वयन के विकेंद्रीकरण का मूल घटक हैं।

3.4 ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित किए जा रहे प्रमुख कार्यक्रम इस प्रकार हैं:

i. ग्रामीण रोजगार – महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 (मनरेगा)

ii. ग्रामीण आजीविकाएं- दीनदयाल अंत्योदय योजना –राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम)

iii. दीनदयाल उपाध्याय – ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई)

iv. ग्रामीण संपर्कता – प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना (पीएमजीएसवाई)

v. प्रधान मंत्री आवास योजना – ग्रामीण (पीएमएवाई-जी)

vi. राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एनएसएपी)

vii. सांसद आदर्श ग्राम योजना (एसएजीवाई)

**कार्यान्वयन/अनुसंधान में शामिल स्वायत्त निकाय:**

i. राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडी एण्ड पीआर)

ii. राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना विकास एजेंसी (एनआरआईडीए)

**3.5** इसके अतिरिक्त इस विभाग ने ग्रामीण कार्यकर्ताओं के क्षमता विकास, सूचना, शिक्षा एवं संचार (आईईसी) तथा निगरानी एवं मूल्यांकन से संबंधित योजनाएं भी चलाई हैं।

**3.6 ग्रामीण विकास विभाग में सुगम्यता दिशा-निर्देशों** के कार्यक्षेत्र में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा कार्यान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं के माध्यम से निर्मित विभिन्न परिसंपत्तियों और शुरू किए गए कार्यकलापों तक दिव्यांग व्यक्तियों की पहुंच का प्रावधान करने के दिशा-निर्देश शामिल हैं, जैसे कि:

- महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत कार्यक्षेत्र तथा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत निर्मित सामुदायिक परिसंपत्तियों को दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सुगम बनाना।
- दिव्यांग व्यक्तियों के लिए निर्मित परिसंपत्तियां मानकों के अनुरूप होनी चाहिए ताकि वे परिसंपत्तियां बाधाओं से मुक्त हों।
- ग्रामीण विकास विभाग की मनरेगा और पीएमएवाई-जी जैसी विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों के अंतर्गत निर्मित परिसंपत्तियां सार्वभौमिक डिजाइन के अनुरूप हों तथा दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सुगम हों।
- ग्रामीण कौशल एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों में दिव्यांग व्यक्तियों की सहभागिता से संबंधित दिशा-निर्देश।
- स्व-सहायता समूहों में दिव्यांग महिलाओं की सहभागिता।
- बुजुर्ग एवं दिव्यांग लाभार्थियों के लिए सामाजिक सहायता।

## अध्याय -4

## ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं के अंतर्गत दिव्यांग जनों के लिए प्रावधान

### 4.1 महात्मा गांधी – नरेगा

4.1.1 महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा), 2005 एक ऐसा अधिनियम है जो ऐसे प्रत्येक परिवार को जिनके वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक श्रम करने के इच्छुक हैं, उन्हें प्रत्येक वित्तीय वर्ष में कम से कम 100 दिनों का गारंटीयुक्त मजदूरी रोजगार प्रदान करके देश के ग्रामीण क्षेत्रों के परिवारों की आजीविका सुरक्षा में वृद्धि करने का प्रावधान करता है।

4.1.2 महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (महात्मा गांधी नरेगा), 2005 के तहत तैयार की गई महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा योजना) के मुख्य उद्देश्य हैं:

i. मांग के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक परिवार को एक वित्तीय वर्ष में 100 दिनों का अकुशल शारीरिक श्रम का गारंटीयुक्त रोजगार प्रदान करना।

ii. निर्धारित गुणवत्ता और स्थायित्व वाली उत्पादक परिसंपत्तियों का निर्माण करना।

iii. गरीबों के आजीविका संसाधन आधार को सुदृढ़ बनाना।

iv. सक्रिय रूप से सामाजिक समावेशन सुनिश्चित करना; और

v. पंचायती राज संस्थाओं को सुदृढ़ बनाना।

4.1.3 मनरेगा अधिनियम, 2005 की मुख्य विशेषताएं निम्नानुसार हैं:

(i) अधिकार आधारित फ्रेमवर्क

a. काम की मांग करने का अधिकार – ग्रामीण परिवार द्वारा कम से कम 100 दिन

b. रोजगार का अधिकार - आवेदन करने के 15 दिन के भीतर अन्यथा बेरोजगारी भत्ता

c. मजदूरी का अधिकार – 15 दिनों के भीतर अन्यथा विलंब के लिए मुआवजा

(ii) **श्रम प्रधान कार्य**

a. जिला स्तर पर कार्यों के लिए 60:40 के अनुपात में मजदूरी और सामग्री

b. किसी ठेकेदार या श्रमिक को विस्थापित करने वाली मशीनरी की अनुमति नहीं है।

4.1.4 मनरेगा के तहत दिव्यांगो की नियुक्ति मनरेगा अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों, दिशानिर्देशों और उसके तहत बनाए गए नियमों के अनुसार:

(i) प्रचालनात्मक दिशानिर्देशों में यह निर्धारित किया गया है कि मनरेगा में दिव्यांगजनों को शामिल करने के लिए विशेष शर्तें बनाई जानी हैं:

"प्रत्येक राज्य सरकार विशिष्ट कार्यों की पहचान करेगी, जो दिव्यांग और कमजोर व्यक्तियों द्वारा किए जा सकते हैं। एक गांव में, दिव्यांग व्यक्तियों की विभिन्न श्रेणियों को योजना के तहत उनके लिए प्रस्तावित कार्यों को पूरा करने के लिए एक निश्चित समूह में एक साथ आने के लिए इस प्रकार संगठित किया जाएगा जिससे वे अपनी पसंद का प्रयोग कर सकें। किसी भी स्थिति में दिव्यांग व्यक्तियों और कमजोर व्यक्तियों को महात्मा गांधी नरेगा कार्यों में नियोजित अन्य व्यक्तियों की तुलना में कम मजदूरी का भुगतान नहीं किया जाना चाहिए।"

(ii) मनरेगा के अंतर्गत रोजगार भूमिकाओं की दिव्यांगता-वार पहचान परिचालन दिशानिर्देशों के अध्याय-9 में बताई गई है। राज्यों से प्राप्त सूचना के आधार पर महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत दिव्यांग जनों के लिए निर्धारित किये गये प्रमुख कार्यों की सूची निम्नानुसार है:

क. पेयजल की आपूर्ति

ख. कार्य स्थलों पर बच्चों की देखभाल करना

ग. पौध रोपण कार्य

घ. सिंचाई नहर में खुदाई

ङ. मिट्टी भरना

च. खोदी गई मिट्टी को बिछाना/ट्रॉली में मिट्टी बिछाना

छ. भवन निर्माण - कंक्रीट सामग्री तैयार करना

ज. निर्माण सामग्री की व्यवस्था करना

झ. सीमेंट और ईंटें देना

ञ. ढुलाई की जाने वाली टोकरी में रेत भरना

ट. नवनिर्मित दीवार की तराई करना

ठ. कुआं गहरा करना-टोकरी में मिट्टी/गाद भरना

ड. कुएं से पानी निकालने में सहायता करना

ढ. ट्राली में मलबा डालना

ण. तालाबों से मलबा हटाना

त. पात्र (बर्तन) में मलबा भरना

थ. मलबे से भरे पात्र को ट्राली में डालना

द. पत्थर की ढुलाई

ध. पत्थरों का ढेर बनाना

न. भूमि समतलीकरण कार्य

ऩ. फ़ील्ड बाउंडिंग कार्य

प. जल संरक्षण खाई की खुदाई

फ. खाई से खोदी गई मिट्टी को हटाना

ब. सड़क निर्माण-झाड़ू से सड़क की सफाई करना

भ. पानी, मिट्टी भरना

(iii) महात्मा गांधी नरेगा के पैरा 18 अनुसूची-I के प्रावधानों के अनुसार "महिलाओं, वृद्धों, दिव्यांगजनों और कमजोर करने वाली बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए अलग से दरों की सूची निर्धारित की जाएगी ताकि उत्पादक कार्यों के माध्यम से उनकी भागीदारी बढ़ाई जा सके।"

(iv) दिव्यांगता-वार कार्य भूमिकाओं की पहचान की जाएगी और प्राथमिकता के आधार पर राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा लागू किया जाएगा।

(v) कार्य स्थल के बाहरी/भू-भाग क्षेत्र तक पीडब्ल्यूडी के लिए निरंतर पहुंच मार्ग का प्रावधान।

(vi) राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को मनरेगा कार्यस्थल में शिशुगृह, पेयजल, प्राथमिक चिकित्सा और छाया आदि जैसी सुविधाएं दिव्यांगजनों तक पहुंचानी चाहिए।

(vii) सीपीडब्ल्यूडी दिशानिर्देश (भारत में सार्वभौमिक पहुंच के लिए सामंजस्यपूर्ण दिशानिर्देश और मानक 2021) का पालन नए सामान्य सुविधा केंद्र, ग्राम पंचायत भवन और मनरेगा के तहत किए गए अन्य प्रस्तावित कार्यों के निर्माण के विषयों में किया जा सकता है।

### 4.2. दीनदयाल अंत्योदय योजना- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम)

**4.2.1** दीनदयाल अंत्योदय योजना- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम) में अत्यधिक गरीब और समुदाय के अन्य कमजोर वर्गों जैसे सामाजिक आर्थिक जाति आधारित जनगणना (एसईसीसी), अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजीएएस), महिला मुखिया परिवारों, बुजुर्ग व्यक्तियों,विभिन्न क्षमताओं (पीडब्ल्यूडी) वाले लोगों, अल्पसंख्यक समूहों और उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोग, पहाड़ी इलाकों (क्षेत्रों तक पहुंचने के लिए कठिन), मानव तस्करी की शिकार महिलाएं, अस्वास्थ्यकर व्यवसायों (पूर्व में हाथ से मैला ढोने वाले), ट्रांसजेंडर, एचआईवी/एड्स पॉजिटिव व्यक्तियों और उनके परिवार के लोग, गंभीर बीमारी से पीड़ित एक या एक से अधिक व्यक्तियों वाले परिवार आदि को प्राथमिकता देने और उन्हें शीघ्र शामिल करने पर विशेष ध्यान दिया गया है।

**4.2.2** एनआरएलएम गहन ब्लॉक में कार्य शुरु करने के शुरुआती 18 महीनों की अवधि के भीतर सबसे गरीब और कमजोर समुदायों के साथ पूर्ण लक्ष्य को अपने संस्थागत फ्रेमवर्क में शामिल करने का प्रयास करता है और प्राप्त करता है। एनआरएलएम को उम्मीद है कि कमजोर व्यक्ति एनआरएलएम के तहत विभिन्न सामुदायिक संस्थाओं में नेतृत्व के पदों पर अच्छे अनुपात में होंगे। इसके अतिरिक्त, एनआरएलएम इन संस्थाओं को उनके वित्तीय और आर्थिक/आजीविका समावेशन और गरीबी में कमी के लक्ष्यों को प्राप्त करने में सुविधा प्रदान करता है।

**4.2.3 डीएवाई-एनआरएलएम के तहत दिव्यांगों के लिए विशेष प्रावधान** :

(i) सभी दिव्यांग (एक वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग के), किसी व्यक्ति की विकलांगता के प्रतिशत (विकलांगता के 40% से भी कम) के बावजूद, दिव्यांग एसएचजी (स्वयं सहायता समूह) के सदस्य हो सकते हैं और दिव्यांग एसएचजी एनआरएलएम के तहत समुदायों परिक्रामी निधि (आरएफ), गरीबी उपशमन निधि (वीआरएफ), सामुदायिक निवेश निधि (सीआईएफ) आजीविका निधि (एलएफ) के लिए सभी निधियों के लिए पात्र हैं-

क. 1-17 वर्ष के विकलांग व्यक्ति, या मानसिक विकलांगता, मानसिक बीमारी या मानसिक मंदता वाले व्यक्ति को अपने कानूनी अभिभावक/माता-पिता/देखभाल करने वाले के माध्यम से दिव्यांग एसएचजी में सदस्य के रूप में प्रतिनिधित्व दिया जा सकता है। कानूनी अभिभावक/माता-पिता/देखभाल करने वाले अपने स्वयं के एसएचजी के सदस्य बने रहेंगे। तथापि, संबंधित समूह के सदस्यों को यह सुनिश्चित करने के लिए निगरानी करनी होती है कि संबंधित व्यक्ति को लाभ मिल रहा है।

ख. एक दिव्यांग व्यक्ति दिव्यांग एसएचजी का सदस्य होगा और यदि एक परिवार में एक से अधिक दिव्यांग व्यक्ति हैं तो प्रत्येक दिव्यांग व्यक्ति दिव्यांग एसएचजी के व्यक्तिगत सदस्य के रूप में दिव्यांग एसएचजी का सदस्य बन जाएगा।

ग. यदि एक दिव्यांग महिला पहले से ही गांव में मौजूदा महिला एसएचजी में एक सदस्य है, तो उसे या तो उसी समूह में बने रहने की या दिव्यांग एसएचजी में शामिल होने की स्वतंत्रता होगी। यदि वह उसी समूह (गैर दिव्यांग एसएचजी) में बने रहने का फैसला करती है, तो उसे दिव्यांग के रूप में अन्य सभी लाभ मिलने चाहिए।

(ii) **मिशन स्तर पर दिव्यांगों की पहचान, उन्हें सक्रिय करना और संस्था निर्माण के लिए निम्नलिखित कदम उठाये जाते हैं**:

क. अभिविन्यास / रिफ्रेशर कार्यशालाओं, सामुदायिक कैडरों, नेताओं, सदस्यों और संस्थानों में कर्मचारियों को दिव्यांगों के प्रति संवेदनशील बनाना और उनके साथ काम करना

ख. मॉड्यूल और सामग्री का विकास करना।

ग. दिव्यांग एसएचजी कार्यकर्ता मैनुअल (दिव्यांगों के प्रति अवधारणाओं सहित) (http://nirdpr.org.in/nird_docs/nrlm/nrlmhandbookSocialInclusion050716.pdf)

घ. संवेदीकरण/जागरूकता निर्माण आईईसी सामग्री (प्रिंट और डिजिटल)

ङ. दिव्यांग के अधिकारों और हकदारी पर सामुदायिक संवर्ग के लिए प्रशिक्षण मॉड्यूल

च. समुदाय आधारित सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और पोषण (मानसिक स्वास्थ्य सहित) और दिव्यांग की मनोरंजक जरूरतों पर सामुदायिक कैडर के लिए संसाधन मॉड्यूल

छ. दिव्यांग विशिष्ट आजीविका पर संसाधन मॉड्यूल

ज. दिव्यांग एजेंडा के साथ काम करने के लिए सामुदायिक संसाधन व्यक्तिगत (सीआरपी) का पोषण और प्रशिक्षण

(iii) गांव और क्लस्टर स्तरों पर दिव्यांगों की पहचान, उन्हें सक्रिय करना और संस्था निर्माण के लिए निम्नलिखित कदम उठाये जाते हैं:

क. पहले सीआरपी चक्र के दौरान ही दिव्यांगजनों की पहचान और उन्हे सक्रिय करना।

ख. दिव्यांग को सामान्य एसएचजी या विशेष दिव्यांग एसएचजी में सक्रिय करना। हाशिए पर रहने वाला समूह होने के कारण, दिव्यांग के विशेष समूह बनाना फायदेमंद हो सकता है।

ग. संतृप्ति मोड पर सक्रिय और सहायता प्राप्त दिव्यांग को जुटाना। क्षमता और फुर्ती के आधार पर स्व-चयन की प्रक्रिया को अपनाया जा सकता है।

घ. एसईसीसी (स्व-शामिल और कम से कम 1 कमी) में शामिल दिव्यांगजनों को एकत्र करना और एकल पुरुषों/महिलाओं, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यक समुदायों, बुजुर्गों आदि से संबंधित कई कमजोरियों के तहत पीड़ित दिव्यांगों को एकत्र करना।

ङ. गांव में मौजूदा दिव्यांग स्व-सहायता समूहों, यदि कोई हो, को अपनाना और मजबूत करना

च. उचित अनुकूलन के साथ प्रत्येक दिव्यांग स्व-सहायता समूहों के लिए पंचसूत्र की अनुपालना की सुविधा प्रदान करना

छ. समुदाय को प्रशिक्षण दिए जाने हेतु 2-3 सक्रिय महिलाओं/गांव की पहचान करने (दिव्यांग एसएचजी और उनके संघीय इमर्शन स्थलों के लिए इमर्शन/एक्सपोजर यात्राओं सहित) और दिव्यांग समावेशन कैडर/सीआरपी के रूप में तैनात करने की सुविधा प्रदान करना।

ज. सक्रिय महिलाओं, समावेशन/दिव्यांग सीआरपी और ग्राम संगठनों (वीओ) की एकजुटता के लिए अधिदेश; आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं को गांव में दिव्यांग एजेंडा में शामिल करना

झ. योजना के अनुसार दिव्यांग एसएचजी सदस्यों, नेताओं और कैडरों का क्षमता निर्माण शुरू करना। सक्रिय, सहायता प्राप्त और निर्भर दिव्यांगों की क्षमता निर्माण की जरूरतें और प्रक्रियाएं स्पष्ट रूप से अलग हो सकती हैं।

ञ. परिक्रामी निधि को प्राप्त करने के लिए दिव्यांग एसएचजी को सुविधा प्रदान करना

ट. दिव्यांग एसएचजी को वीओ (ग्रामीण स्तर पर महिला एसएचजी का संघ) में शामिल होने की सुविधा प्रदान करना। अन्य महिला एसएचजी की तरह, दिव्यांग स्व-सहायता समूह वीओ और उच्च स्तरीय संघों से सीआईएफ, वीआरएफ जैसे सभी लाभों को प्राप्त करने के हकदार हैं।

ठ. वीओ को इन दिव्यांग समूहों की नियमित रूप से निगरानी और मजबूत करने के लिए सामाजिक कार्रवाई समिति में एक उप-समिति या एक उप-समूह रखने की सुविधा प्रदान करना।

ड. दिव्यांग के लिए योजना को शामिल करने हेतु गरीबी उपशमन योजना की सुविधा प्रदान करना

ढ. दिव्यांगजनों को पुनर्वास सहायता की सुविधा प्रदान करना

ण. इन कार्यकलापों के लिए दिव्यांग केंद्रित और/या दिव्यांग अनुकूल आजीविका और सामूहिकता की सुविधा प्रदान करना, जहां भी आवश्यक / व्यवहार्य हो

त. ग्राम पंचायत/क्लस्टर/ब्लॉक स्तर पर और उच्च स्तर पर एक अलग अनन्य संघ में उनकी एकजुटता, पक्ष समर्थन आदि के लिए दिव्यांग एसएचजी को सुविधा प्रदान करना

### 4.3 ग्रामीण संपर्कता-प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई)

**4.3.1** भारत सरकार ने गरीबी उन्मूलन कार्यनीति के एक भाग के रूप में ग्रामीण सड़कों के माध्यम से राज्यों की सहायता के लिए एक केन्द्रीय प्रायोजित योजना के रूप में 25 दिसम्बर, 2000 को प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई I) शुरू की। प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) का प्राथमिक उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में संपर्क रहित पात्र बसावटों को आवश्यक पुलों और क्रॉस-ड्रेनेज संरचनाओं, जो पूरे वर्ष संचालित होते हैं, के साथ एक बारहमासी सड़क के माध्यम से सम्पर्कता प्रदान करना है।

**4.3.2** जैसे-जैसे कार्यक्रम आगे बढ़ा, मौजूदा ग्रामीण सड़क नेटवर्क के समेकन की आवश्यकता महसूस की गई ताकि न केवल परिवहन सेवाओं के प्रदाता के रूप में, बल्कि सामाजिक और आर्थिक विकास के वाहन के रूप में भी इसकी प्रभावशीलता में सुधार किया जा सके। तदनुसार, वर्ष 2013 में, पीएमजीएसवाई-II को विभिन्न राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में 50,000 किमी के उन्नयन के लक्ष्य के साथ मार्गों और प्रमुख ग्रामीण संपर्कों (एमआरएल) के माध्यम से चयनित मार्गों और प्रमुख ग्रामीण संपर्कों (एमआरएल) के उन्नयन के लिए शुरू किया गया था। इसके बाद, 2016 में, रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण/उन्नयन के लिए वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों के लिए सड़क संपर्क परियोजना (आरसीपीएलडब्ल्यूईए) पीएमजीएसवाई के तहत एक अलग घटक के रूप में शुरू की गई थी। वर्ष 2019 में, सरकार ने अन्य के साथ-साथ ग्रामीण कृषि बाजारों (जीआरएएम), उच्चतर माध्यमिक स्कूलों और अस्पतालों से बसावटों को जोड़ने वाले मार्गों और प्रमुख ग्रामीण संपर्कों के माध्यम से 1,25,000 किमी के समेकन के लिए पीएमजीएसवाई-III शुरू किया।

**4.3.3** पीएमजीएसवाई के अंतर्गत निर्मित सभी सड़कों को जीआईएस-आधारित प्लेटफार्मों में भू-टैगिंग और स्थानिक योजना जैसे कि जीआरआईएमएमएस, जीआरआईएसएस और जियो-पीएमजीएसवाई के लिए मैप किया जाता है और डेटा को एपलिकेशन के विकास के लिए सार्वजनिक और अन्य विक्रेताओं जैसे गूगल मानचित्र आदि के लिए भी सुलभ बनाया जाता है जो शारीरिक रूप से अक्षम/दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सहायक साबित होते हैं।

**4.3.4** चूंकि ग्रामीण सड़कें आम तौर पर कम यातायात वाली सड़कें होती हैं और दुर्घटना दर वर्तमान में काफी हैं, इसलिए सुरक्षा के मुद्दे मुख्य रूप से यूनिवर्सल डिजाइन और निर्माण सुविधाओं और स्थानीय निवासियों के सड़क सुरक्षा ज्ञान से संबंधित हैं। ग्रामीण सड़क विकास और रखरखाव कार्यक्रमों के भाग के अंतर्गत दिशा-निर्देशों में यह निर्धारित किया गया है कि राज्य सरकार गुणवत्ता निगरानी के साथ-साथ पीएमजीएसवाई कार्यों की सड़क सुरक्षा लेखा परीक्षा सुनिश्चित करेगी। यह पंचायत राज संस्थाओं की पर्याप्त भागीदारी भी सुनिश्चित करेगा।

**4.3.5** संबंधित ग्राम पंचायतों को बारहमासी ग्रामीण सड़क के सार्वभौमिक डिजाइन और निर्माण के लिए सडक पर चलने, अभिविन्यास, सड़क पार करने आदि की सुविधाओं के साथ सभी कदम उठाने चाहिए।

**4.3.6** सार्वजनिक सड़क के निर्माण के दौरान दिव्यांगों के लिए बाधा मुक्त वातावरण बनाने के लिए सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, सीपीडब्ल्यूडी और एसपीडब्ल्यूडी के प्रासंगिक दिशानिर्देशों का पालन किया जाना चाहिए। "मेरी सड़क" ऐप ग्रामीण सड़कों में सुविधाओं के उपयोग के लिए सभी दिव्यांगों द्वारा उपयोग के लिए भी उपलब्ध है।

### 4.4 ग्रामीण आवास -प्रधान मंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी)

**4.4.1** पूर्ववर्ती ग्रामीण आवास योजना, इंदिरा आवास योजना (आईएवाई) को 2024 तक "सभी के लिए आवास" प्रदान करने और पिछली आवासीय योजनाओं की कमियों को दूर करने की सरकार की प्रतिबद्धता के मद्देनजर प्रधान मंत्री आवास योजना- ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के रूप में पुनर्गठित किया गया था। पुनर्संरचित योजना प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) 1 अप्रैल 2016 से प्रभावी हुई। पीएमएवाई-जी का उद्देश्य देश के ग्रामीण क्षेत्रों में कच्चे/जीर्ण-शीर्ण मकानों में रहने वाले सभी बेघरों और परिवारों को बुनियादी सुविधाओं वाला पक्का मकान प्रदान करना है।

**4.4.2** पीएमएवाई-जी के तहत, दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के प्रावधानों के अनुसार, जहां तक संभव हो राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को यह सुनिश्चित करना है कि 5% लाभार्थी बेंचमार्क विकलांगता वाले हों जिसमें बेंचमार्क विकलांगता वाली महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। दिव्यांगजनों के लिए पीएमएवाई-जी के तहत निर्मित मकानों के लिए बाधा मुक्त डिजाइन को अपनाया जाना चाहिए। दिव्यांग को आवंटित प्रत्येक मकान के लिए रैंप का निर्माण किया

जाना चाहिए। यह दिव्यांगजनों को मकान के अंदर और बाहर सुगम आवाजाही करने में सक्षम बनाता है और इस रैंप का निर्माण लाभार्थी द्वारा मकान के निर्माण के लिए प्रदान की गई सहायता में से ही करना है।

**4.4.3** सार्वभौमिक डिजाइन को ग्रामीण आवास में शामिल किया जाना है ताकि इसे बिना किसी बड़ी रेट्रोफिटिंग लागत के दिव्यांगों की आवश्यकता के अनुसार अनुकूलित किया जा सके। पहल (प्रकृति, हुनर, लोकविद्या) संग्रह के माध्यम से स्थान/जलवायु/संस्कृति उपयुक्त मकान डिजाइनों का एक संग्रह प्राप्त किया जा सकता है जो पीएमएवाई जी की वेबसाइट पर उपलब्ध है:

(i) https://pmayg.nic.in/netiay/Document/Pahal.pdf

(ii) https://pmayg.nic.in/netiay/Document/Pahal-Volume-II.pdf.

राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को आपदा रोधी विशेषताओं को शामिल करते हुए लाभार्थियों को उनके निवास क्षेत्र के लिए विशिष्ट मकानों के डिजाइन के बारे में जागरुक करना चाहिए।

4.4.4 पीएमएवाई-जी के तहत, लाभार्थियों को मकान के निर्माण के लिए सहायता प्रदान की जाती है और यह मालिक द्वारा संचालित निर्माण दृष्टिकोण का पालन करता है। लाभार्थी अपनी पसंद के अनुसार मकान का डिजाइन चुनने के लिए स्वतंत्र हैं। दिव्यांगों की सुगमता से संबंधित सुविधाओं को अनुमति दी जानी चाहिए और प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

4.4.5 मकानों के गुणवत्तापूर्ण निर्माण के लिए राजमिस्त्री के प्रशिक्षण हेतु ग्रामीण राजमिस्त्री प्रशिक्षण (आरएमटी) के अंतर्गत दिव्यांग व्यक्तियों के मकानों को संबद्ध अभिगम्यता विशेषताओं के साथ गुणवत्तापूर्ण निर्माण के लिए लिया जाना है। राजमिस्त्री प्रशिक्षण और प्रमाणन में पीएमएवाई-जी में सार्वभौमिक डिजाइन आधारित अभिगम्यता पर प्रशिक्षण शामिल होना चाहिए।

4.4.6 पीएमएवाई-जी वेबसाइट (आवाससॉफ्ट सहित), दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए स्क्रीन रीडर के उपयोग के अनुरूप तेजी से उपयोग किया जाएगा।

4.4.7 पीएमएवाई-जी को जहां तक संभव हो, भारत-2021 में सार्वभौमिक पहुंच के लिए सामंजस्यपूर्ण दिशानिर्देशों और मानकों में परिभाषित सभी प्रासंगिक नियमों का पालन करना चाहिए।

### 4.5 राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एनएसएपी)

**4.5.1** भारतीय संविधान का अनुच्छेद 41 राज्य को अपनी आर्थिक सामर्थ्य और विकास की सीमाओं के भीतर, बेरोजगारी, वृद्धावस्था, बीमारी और निःशक्तता तथा अन्य अनुपयुक्त अभाव की दशाओं में अपने नागरिकों को लोक सहायता प्रदान करने का निर्देश देता है। भारत के संविधान में निहित राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांत राज्य को अपने संसाधनों में से ही कई कल्याणकारी उपाय करने का आदेश देते हैं। इन नैतिक सिद्धांतों के अनुसरण में ही भारत सरकार ने 1995 में एक केन्द्रीय प्रायोजित योजना के रूप में राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एनएसएपी) शुरू किया था जिसके अंतर्गत केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित मानदंडों, दिशा-निर्देशों और शर्तों के अनुसार लाभ देने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को 100 प्रतिशत केन्द्रीय सहायता प्रदान की जाती है।

**4.5.2** एनएसएपी वृद्धों, विधवाओं और विकलांगों तथा जीविको पार्जक की मृत्यु के मामले में गरीब परिवारों के लिए एक सामाजिक सहायता कार्यक्रम है- जिसमें उन लाभों, जो राज्य प्रदान कर रहे हैं या भविष्य में प्रदान कर सकते हैं, के अलावा न्यूनतम राष्ट्रीय मानकों को सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा जाता है । शत-प्रतिशत केन्द्रीय सहायता प्रदान करने का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पूरे देश में उपलब्ध हो। एनएसएपी के अंतर्गत लाभार्थियों की राज्य-वार, उप-योजना-वार अधिकतम सीमा निर्धारित है। राज्य अपने कवरेज को बढ़ाने और विस्तार करने के लिए स्वतंत्र हैं।

**4.5.3** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विकलांगता पेंशन योजना (आईजीएनडीपीएस) राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एनएसएपी) की एक उप-योजना है, जिसके तहत भारत सरकार द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार गंभीर और बहु-विकलांगता वाले और गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवार से संबंधित 18-79 वर्ष की आयु के व्यक्तियों को 300 रुपये प्रति माह की दर से केंद्रीय सहायता प्रदान की जाती है। 80 वर्ष की आयु बाद, लाभार्थियों को 500 /- रुपये प्रति माह की पेंशन प्राप्त करने के लिए वृद्धावस्था पेंशन योजना में स्थानांतरित कर दिया जाता है।

**4.5.4** वृद्ध आबादी के लिए, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना (आईजीएनओएपीएस), राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एनएसएपी) की एक उप-योजना के अंतर्गत, भारत सरकार द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार 60-79 वर्ष की आयु के व्यक्तियों और गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार से संबंधित व्यक्तियों को 200 रुपये प्रति माह की दर से केन्द्रीय सहायता प्रदान की जाती है। 80 वर्ष की आयु प्राप्त करने के बाद, लाभार्थियों को प्रति माह 500 रुपये की पेंशन मिलती है।

## 4.6 दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्या योजना (डीडीयू-जीकेवाई)

4.6.1 ग्रामीण विकास मंत्रालय ने दिनांक 25 सितंबर, 2014 को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत नियोजन से जुड़े कौशल विकास कार्यक्रम को दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई) के रूप में नया रूप दिया है।

4.6.2 डीडीयू-जीकेवाई राज्य के नेतृत्व वाली योजना है जिसे मांग आधारित लक्ष्य स्वीकृति प्रक्रिया के आधार पर सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मोड में कार्यान्वित किया जा रहा है। डीडीयू-जीकेवाई के तहत दो विशेष कार्यक्रम लागू किए जा रहे हैं अर्थात; **रोशनी** कार्यक्रम 9 राज्यों के 27 वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों के लिए महिला उम्मीदवारों के लिए 40% कवरेज के साथ अनिवार्य आवासीय पाठ्यक्रम के साथ कार्यान्वित किया जा रहा है; और **हिमायत**- संघ राज्य क्षेत्र जम्मू और कश्मीर और लद्दाख के सभी युवाओं को 100% केंद्रीय वित्त पोषण के साथ इस योजना के तहत शामिल किया गया है।

### 4.6.3 डीडीयू-जीकेवाई की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं:

(i) **15** से **35** वर्ष के आयु वर्ग के गरीब परिवारों के ग्रामीण युवाओं पर ध्यान केंद्रित करना: क) मनरेगा श्रमिक का परिवार, यदि परिवार के किसी व्यक्ति ने **15** दिन का काम पूरा कर लिया है, ख) राष्ट्रीय सुरक्षा बीमा योजना (आरएसबीवाई) परिवार ग) अंत्योदय अन्न योजना कार्ड परिवार, घ) गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन (बीपीएल), सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) वाले कार्ड परिवार ङ) एनआरएलएम-एसएचजी परिवार, च) गरीबों की पहचान की भागीदारी प्रक्रिया, छ) एसईसीसी **2011** के स्वत: समावेशन मापदंडों के अंतर्गत आने वाले परिवार।

(ii) सामाजिक रूप से वंचित समूहों, अर्थात् अ.जा./अ.ज.जा. के लिए **50%,** अल्पसंख्यकों- **15%,** और महिलाओं के लिए **33%** का अनिवार्य कवरेज और हाथ से मैला ढोने वाले, दिव्यांग और महिलाओं के नेतृत्व वाले परिवार पर विशेष ध्यान देना।

(iii) नियोजित अभ्यर्थियों को वेतन न्यूनतम मजदूरी अथवा अधिक अभ्यर्थियों को नियोजन पश्चात सहायता और प्रशिक्षण भागीदारों को कैरियर प्रगति सहायता के अनुसार दी जाती है।

(iv) डीडीयू-जीकेवाई दिशानिर्देशों ने दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए **5%** कवरेज अनिवार्य कर दिया है (अधिसूचना संख्या **02/2020** दिनांक **07.02.2020**)।

(v) डीडीयू-जीकेवाई दिव्यांगजन परियोजनाओं के लिए एक विशेष फ्रेमवर्क भी शुरू किया गया था, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ प्रशिक्षण केंद्रों, आवासीय सुविधाओं, व्यक्तिगत सहायक सहायता, शिक्षण सहायता आदि तक पहुंच का प्रावधान शामिल है। (अधिसूचना संख्या **43/2017** दिनांक **31.07.2017**)।

(vi) डीडीयू-जीकेवाई और ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थानों (आरएसईटीआई) के तहत अभ्यर्थियों को जुटाने की प्रक्रिया में पंचायत स्तर के प्रतिनिधि शामिल होते हैं।

(vii) कौशल योजनाओं का प्रबंधन के लिए समर्पित पोर्टल /ऐप (कौशल भारत, कौशल पंजी) हैं।

(viii) डीडीयू-जीकेवाई दिशानिर्देश में पहाड़ी क्षेत्रों के लिए विशेष प्रावधान है।

## 4.7 सांसद आदर्श ग्राम योजना (एसएजीवाई)

4.7.1 सांसद आदर्श ग्राम योजना (एसएजीवाई) 2014 में शुरू की गई थी, जिसका उद्देश्य 2016 तक प्रत्येक संसद सदस्य द्वारा एक गांव को आदर्श गांव (आदर्श ग्राम) के रूप में विकसित करना और 2019 तक दो और गांवों को विकसित करना था। इसके बाद, 2024 तक ऐसे पांच आदर्श ग्राम (प्रति वर्ष एक) का चयन और विकास किया जाना है। दिनांक

31.12.2022 तक संसद सदस्यों द्वारा कुल 3,074 ग्राम पंचायतों की पहचान की जा चुकी है जो अन्य केंद्रीय और राज्य योजनाओं के अभिसरण के माध्यम से ग्राम पंचायतों के समग्र विकास की दिशा में ठोस कदम उठा रहे हैं। इस योजना के अंतर्गत सभी पात्र परिवारों (वृद्धों, विकलांगों और विधवाओं) के लिए पेंशन, आम आदमी बीमा योजना और स्वास्थ्य बीमा जैसी बीमा योजनाएँ शामिल हैं।

